# राजस्थान विधान सभा

## (सोलहवीं विधान सभा)

## तृतीय सत्र

## तारांकित प्रश्नों की सूची

## गुरूवार, दिनांक 20 मार्च, 2025

## कुल संख्या-24

| | |
|---|---|
| मुख्य मंत्री | 04 |
| उप मुख्य मंत्री (वित्त) | 04 |
| चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री | 04 |
| संसदीय कार्य मंत्री | 01 |
| खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री | 04 |
| पशुपालन एवं डेयरी मंत्री | 04 |
| वन राज्य मंत्री | 03 |

### जिला हनुमानगढ़ के पुलिस थानों में दर्ज प्रकरण

445. (5803/गृह) श्री अभिमन्यु (7) - क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) जिला हनुमानगढ़ के पुलिस थानों में 1 जनवरी, 2024 से 1 जनवरी, 2025 तक कितने प्रकरण अनुसूचित जाति जनजाति एक्ट एवं महिला उत्पीड़न के दर्ज हुए? उक्त दर्ज प्रकरणों पर क्या कार्यवाही की गई? थानेवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र संगरिया एवं टिब्बी ब्लॉक में विगत दो वर्षों में अपहरण, डकैती, हत्या, दुष्कर्म, मादक पदार्थ तस्करी के कितने मुकदमे दर्ज हुए? विवरण सदन की मेज पर रखें।

### आमेर विधान सभा क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों का नवीनीकरण

446. (8303/सार्वजनिक निर्माण) श्री प्रशान्त शर्मा (95) - क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या सरकार आमेर विधान सभा क्षेत्र की क्षतिग्रस्त सड़कों का नवीनीकरण कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन तथा सर्वाइकल कैंसर की जांच

447. (1935/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) श्री मनीष यादव (111) - क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या प्रदेश के चिकित्सालयों में लड़कियों एवं महिलाओं के लिए नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन तथा सर्वाइकल कैंसर एवं स्तन कैंसर की नि:शुल्क जांच की जा रही है? यदि हां, तो विगत एक वर्ष में कितनी लड़कियों व महिलाओं के वैक्सीन व जांच की गयी? जिलावार व अस्पतालवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार गर्भवती महिलाओं के पोषण हेतु देशी घी उपलब्ध कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## नदबई में नवीन ए.डी.जे. कोर्ट की स्थापना

448. (5685/विधि एवं विधिक कार्य) श्री जगत सिंह (56) - क्या विधि एवं विधिक कार्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) नवीन ए.डी.जे. कोर्ट स्थापित करने के क्या प्रावधान हैं? जिला भरतपुर में वर्तमान में कितने ए.डी.जे. कोर्ट स्थापित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उपखण्ड मुख्यालय नदबई में ए.डी.जे. कोर्ट स्थापित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों?

(3) क्या यह सही है कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा नदबई मुख्यालय पर नियमित ए.डी.जे. कोर्ट की स्थापना बाबत पूरक बजट में घोषणा की गई थी? यदि हां, तो उक्त बजट घोषणा की क्रियान्विति नहीं होने के क्या कारण रहे? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में समर्थन मूल्य पर बाजरे की खरीद

449. (3558/खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति) श्री पब्बाराम विश्नोई (87) - क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में वर्ष 2021-22 से 2023-24 में कितने मैट्रिक टन बाजरे का उत्पादन हुआ तथा सरकार द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कितना बाजरा खरीदने का लक्ष्य रखा गया तथा कितने बाजरे की खरीद हुई? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) सरकार द्वारा लक्ष्य के अनुसार वर्ष 2021-22 से 2023-24 में लक्ष्य के अनुपातिक खरीद नहीं करने के क्या कारण रहे? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) सरकार द्वारा वर्ष 2024 में खरीफ फसल के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य पर कितनी फसल खरीदने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## मनोहरथाना विधान सभा क्षेत्र में गौशालाओं को अनुदान

450. (1278/पशुपालन) श्री गोविन्द प्रसाद (48) - क्या गोपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि सरकार द्वारा हर ग्राम पंचायत मुख्यालय पर गौशाला खोलने के लिए अनुदान देने की योजना है? यदि हां, तो विधान सभा क्षेत्र मनोहरथाना की कितनी ग्राम पंचायत मुख्यालयों पर गौशालायें खोली गयी है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) वर्तमान में उक्त विधान सभा क्षेत्र में कितनी गौशालाओं को अनुदान दिया जा रहा है तथा माह जनवरी, 2023 से दिसम्बर, 2024 तक किन-किन गौशालाओं को, कितना अनुदान दिया गया? प्रत्येक

गौशालावार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) सरकार द्वारा प्रदेश में गौसंवर्द्धन व गौ-हितार्थ हेतु कौन-कौनसी योजनाएं वर्तमान में संचालित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## खींवसर विधान सभा क्षेत्र में आरक्षित वन क्षेत्र

451. (4764/वन) श्री रेवन्तराम डांगा (189) - क्या वन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र खींवसर में कितने हैक्टेयर भूमि पर वर्गीकृत, रक्षित एवं आरक्षित श्रेणी का वन क्षेत्र मौजूद है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र में उपलब्ध वन भूमि पर वन क्षेत्र विकसित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) विगत तीन वर्षों में उक्त विधान सभा क्षेत्र में पौधारोपण पर कितनी राशि व्यय की जाकर कहां-कहां, कितने-कितने पौधे लगाए गए और उनमें से वर्तमान में कितने पौधे जीवित हैं? वर्षवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## कृषि उपज मण्डी, सीकर में दुकानों का आवंटन

452. (6791/कृषि विपणन) श्री गोरधन (47) - क्या कृषि विपणन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) कृषि उपज मण्डी, सीकर में दुकान आवंटन की क्या प्रक्रिया है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) कृषि उपज मण्डी, सीकर में माह मार्च, 2019 से मार्च, 2024 के मध्य कितनी दुकानें, किस आधार पर, किन-किन को आवंटित की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार द्वारा अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के संवर्धन व प्रोत्साहन हेतु दुकान आवंटित करने में कोई वरीयता दी जाती है? यदि नहीं, तो क्यों?

(4) क्या सरकार सीकर कृषि उपज मण्डी परिसर में नवीन दुकानें

आवंटित करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कितनी व नहीं, तो क्यों?

## गोगुन्दा विधान सभा क्षेत्र में सड़कों की मरम्मत

453. (2588/वित्त) श्री प्रताप लाल भील (93) - क्या सार्वजनिक निर्माण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) सरकार द्वारा विधान सभा क्षेत्र गोगुन्दा में वर्ष 2024 में बरसात से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत हेतु कितनी राशि स्वीकृत की गई? स्वीकृत राशि में से कितनी राशि, किस-किस मद में व्यय की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त विधान सभा क्षेत्र में विगत वर्षों में अतिवृष्टि से क्षतिग्रस्त कई सड़कें व पुलिया आदिनांक तक जीर्ण-शीर्ण अवस्था में हैं? यदि हां, तो उक्त क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## चौहटन (बाड़मेर) में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना

454. (4541/चिकित्सा शिक्षा) श्री आदू राम मेघवाल (19) - क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिये जाने हेतु महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता (एएनएम) प्रशिक्षण केंद्र कहां-कहां संचालित है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार जिला बाड़मेर में उपखण्ड मुख्यालय पर चौहटन नवीन महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता प्रशिक्षण केंद्र खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## केकड़ी विधान सभा क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी

455. (7855/खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति) श्री शत्रुघन गौतम (160) - क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि प्रदेश में विगत पांच वर्षो में खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत नियम विरुद्ध लोगों का चयन कर पात्र लोगों को चयन से वंचित रखा गया है? यदि हां, तो क्या सरकार अपात्र लोगों का नाम सूची से हटाने तथा पात्र लोगों के नाम सूची में जोडने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) केकड़ी विधान सभा क्षेत्र में ऐसे कितने परिवार हैं जो खाद्य सुरक्षा योजना में पात्र होते हुए भी उक्त योजना से वंचित हैं? सरकार द्वारा उक्त वंचित परिवारों को कब तक उक्त योजना से जोड़ दिया जाएगा? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## ओसियां विधान सभा क्षेत्र में संचालित पशु उपकेन्द्र

456. (6301/पशुपालन) श्री भैरा राम चौधरी (सियोल) (108) - क्या पशुपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र ओसियां में कौन-कौनसी ग्राम पंचायतों में पशु उपकेन्द्र संचालित नहीं है? क्या सरकार उक्त ग्राम पंचायतों में नवीन पशु उपकेन्द्र खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त विधान सभा क्षेत्र में कितने पशु उपकेन्द्र भवन विहीन हैं? क्या सरकार उक्त केन्द्रों के भवन निर्माण कराने का विचार रखती हैं? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## तहसील प्रतापगढ़ (थानागाजी) में एनसीआर क्षेत्र की ग्रेप पाबंदियां

457. (5556/पर्यावरण) श्री कान्ति प्रसाद (29) - क्या पर्यावरण राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र थानागाजी की तहसील-प्रतापगढ एनसीआर की निर्धारित सीमा से 150 किलोमीटर दूरी पर स्थित है तथा यहां की एक्यूआई 70 से 75 रहने के बावजूद भी यहां पर एनसीआर क्षेत्र की ग्रेप पाबंदियां लागू कर दी जाती है, जिसकी वजह से विकास कार्य व उद्योग प्रभावित रहते हैं? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त तहसील को एनसीआर की ग्रेप पांबदियों से मुक्त कराने का विचार रखती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला चित्तौड़गढ़ में श्रमिकों की मृत्यु के दावों का निस्तारण

458. (2914/श्रम) श्री श्रीचन्द कृपलानी (168) - क्या श्रम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) जिला चित्तौड़गढ़ में विगत पांच वर्षों में सरकार द्वारा श्रमिकों की मृत्यु के दावों के कितने प्रकरणों का निस्तारण किया गया? कितने दावे स्वीकृत किये गये व कितने किन कारणों से निरस्त किए गए? विधान सभा क्षेत्रवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) उक्त दावों में से कितने आवेदन ऑनलाईन प्राप्त हुए? उक्त में से कितने स्वीकृत व निरस्त किये गये? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह भी सही है कि उदयपुर संभाग के विभिन्न जिलों के श्रमिकों के छात्रवृत्ति के प्रकरण काफी समय से लंबित हैं? यदि हां, तो विगत तीन वर्षों में सरकार द्वारा कितने प्रकरणों का निस्तारण किया गया? कितने आवेदन स्वीकृत किये गये व कितने किन कारणों से निरस्त किए गए व कितने लंबित हैं? उदयपुर संभाग के विधान सभा क्षेत्रवार संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रताप टूरिस्ट सर्किट योजना की प्रगति

459. (8618/पर्यटन) श्री सुरेन्द्र सिंह राठौड़ (181) - क्या पर्यटन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

सरकार द्वारा स्वीकृत प्रताप टूरिस्ट सर्किट योजना में हुई प्रगति का विवरण सदन की मेज पर रखें।

## सवाई मानसिंह चिकित्सालय में आईपीडी का निर्माण

460. (7920/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) श्री रफीक खान (123) - क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या यह सही है कि दवाइयां व अन्य उपकरण बिना निविदा के क्रय की जा रही है? यदि हां, तो क्यों? विगत वर्ष में कितनी राशि की दवाइयां व उपकरण निविदा से तथा कितनी राशि की बिना निविदा के क्रय की गई? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार आईपीडी टॉवर के निर्माण को पूरा कराने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## भोपालगढ़ विधान सभा क्षेत्र में उचित मूल्य की दुकानें

461. (7034/खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति) श्रीमती गीता बरवड़ (41) - क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में उचित मूल्य की दुकान खोलने के क्या मानदण्ड निर्धारित हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार विधान सभा क्षेत्र भोपालगढ़ के अनुसूचित जाति व जनजाति बाहुल्य क्षेत्र में उचित मूल्य की दुकान खोलने के मानदण्डों में छूट देने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त विधान सभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुचेटी की मुस्लिम बस्ती एवं उपखण्ड बावड़ी में उचित मूल्य की दुकान खोलने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## मंदिरों में सेवारत पुजारियों का मानदेय

462. (2459/देवस्थान) श्री यूनुस खान (121) - क्या देवस्थान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार प्रदेश के विभिन्न राजकीय व निजी मंदिरों की स्थिति सुधारने के लिए कोई योजना बना रही है?

(2) क्या सरकार द्वारा विगत तीन वर्षों में मंदिरों की संपत्तियों से अतिक्रमण को हटवाया गया है? यदि हां, तो कहां-कहां? जिलेवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार विभिन्न मंदिरों में सेवारत पुजारियों को मानदेय देने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व कितना? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में वन कर्मियों के रिक्त पद

463. (2302/वन) श्रीमती अनिता भदेल (4) - क्या वन राज्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विभाग में कर्मचारियों एवं अधिकारियों के कौन-कौनसे पद, कब से रिक्त हैं? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि प्रदेश के हर जिले में जंगल एवं वन-जीवों के संरक्षण हेतु पर्यावरण संरक्षण समितियां कार्यरत हैं? यदि हां, तो जिलेवार समितियों का संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि प्रदेश के हर जिले में ओनरेरी वार्डन बनाने की व्यवस्था है? क्या सरकार इन्हें स्थानीय नियुक्ति देने का विचार रखती है? यदि नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## बीकानेर पश्चिम में शराब की स्वीकृत दुकानें

464. (708/आबकारी) श्री जेठानन्द व्यास (66) - क्या आबकारी मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र बीकानेर पश्चिम में शराब की कितनी दुकानें, कहां-कहां आवंटित हैं? स्थानवार विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या यह सही है कि उक्त विधान सभा क्षेत्र में चिकित्सालयों व धार्मिक स्थलों से निश्चित दूरी के अन्दर शराब की दुकानों का अवैध रूप से संचालन हो रहा है? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त अवैध दुकानों को हटाने व अन्यत्र स्थानान्तरित करने का विचार करती है? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या यह सही है कि विधान सभा क्षेत्र बीकानेर पश्चिम में एक ही

लाईसेंस से एक से अधिक दुकानों का संचालन किये जाने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं? यदि हां, तो प्राप्त शिकायतों पर की गई कार्यवाही का विवरण सदन की मेज पर रखें।

## पीलीबंगा विधान सभा क्षेत्र में भवन विहीन आंगनबाड़ी केन्द्र

465. (45/महिला एवं बाल विकास) श्री विनोद कुमार (153) - क्या महिला एवं बाल विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) विधान सभा क्षेत्र पीलीबंगा में कितने आंगनबाड़ी केन्द्र, कहां-कहां स्वीकृत हैं? उक्त केन्द्रों में ऐसे कितने केन्द्र हैं जिनके स्वयं के भवन नहीं हैं? सूची सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार उक्त भवन विहीन केन्द्रों के भवन बनाने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## जिला डूंगरपुर के चिकित्सालयों में स्वीकृत पद

466. (3886/चिकित्सा एवं स्वास्थ्य) श्री उमेश मीणा (23) - क्या चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) जिला डूंगरपुर में संचालित उप स्वास्थ्य, प्राथमिक स्वास्थ्य एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में कितने पद स्वीकृत हैं व कितने पद रिक्त हैं? क्या सरकार उक्त रिक्त पदों को भरने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या विधान सभा क्षेत्र आसपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मोर्चरी स्वीकृत है? यदि नहीं, तो क्या सरकार उक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर मोर्चरी स्वीकृत करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) उक्त विधान सभा क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामगढ़ को आदर्श सामुदायिक सेवा केन्द्र घोषित किया है? यदि हां, तो उक्त केन्द्र में सरकार द्वारा क्या-क्या सुविधाएं, संसाधन, स्टॉफ उपलब्ध करवाये गये? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(4) क्या सरकार जिला डूंगरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र आसपुर

को उप जिला अस्पताल में क्रमोन्नत करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## भीम विधान सभा क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा योजना के लाभार्थी

467. (3137/खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति) श्री हरिसिंह रावत (193) - क्या खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) प्रदेश में वर्तमान में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना से कितने परिवार लाभान्वित हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) विधान सभा क्षेत्र भीम में वर्तमान में कितने परिवार उक्त योजना से लाभान्वित हैं? संख्यात्मक विवरण सदन की मेज पर रखें।

(3) क्या सरकार उक्त योजना के अंतर्गत वर्तमान में वंचित परिवारों को लाभ देने के उद्देश्य से पोर्टल प्रारम्भ करने का विचार रखती है? यदि हां, तो कब तक व नहीं, तो क्यों? विवरण सदन की मेज पर रखें।

## प्रदेश में गौ संरक्षण व सुरक्षा हेतु बजट आवंटन

468. (8342/गोपालन) श्री उदयलाल भडाणा (22) — क्या गोपालन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे:-

(1) क्या सरकार द्वारा गायों के संरक्षण और सुरक्षा हेतु संचालित योजनाओं हेतु अतिरिक्त बजट आवंटित किया है? यदि हां, तो कितना? विवरण सदन की मेज पर रखें।

(2) क्या सरकार गायों के संवर्धन के लिए किसानों, गौशालाओं और अन्य संगठनों को वित्तीय या अन्य सहायता प्रदान कर रही है? यदि हां, तो किस प्रकार की और क्या? विवरण सदन की मेज पर रखें।

**विधान सभा भवन,**
**जयपुर ।**
**दिनांक : 10 मार्च, 2025**

**भारत भूषण शर्मा,**
**प्रमुख सचिव**